तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 30 जून 2024



किसानों को निशुल्क सब्जी बीज, खाद वितरण





### नालियों का पानी सड़क पर, ड्रेनेज सिस्टम भी किसी काम का नहीं

# मानसून की पहली झड़ी ने खोली निगम की सफाई व्यवस्था की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मानसून की पहली मूसलाधार बारिश से शहर तरबतर हो गया। आलम यह रहा कि लगभग 18 घंटों की बारिश के कारण शहर की नालियां का गंदा पानी सड़कों पर आ गया। रेलवे अंडरब्रिज भी जलमग्न हो गया, संजय कॉम्प्लेक्स में भी चारों में गंदगी बसरी नजर आई। वहीं निगम के सफाई व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों पर फिर एक बार पतीला लगता नजर आया। बारिश के पानी की नालियों के जरिए निकासी के लिए बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गया।

शुक्रवार की शाम से हो रही बारिश से तापमान करीब 6 डिग्री तक गिर गया, जिसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत तो मिल गई किंतु शहर में बारिश से होने वाली अव्यवस्था ने लोगों को काफी परेशान किया। गौरतलब है कि बारिश से पहले शहर सरकार व निगम प्रबंधन नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था पूर्ण होने और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने का कई बार दावा करता है, किंतु हर बार कुछ घंटों की मूसलाधार बारिश इन दावों पर पानी फेर देती है। शुक्रवार की शाम से रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण शहर पूरी तरह से तरबतर हो गया।

कई मोहल्लों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। जहां नालियों की सफाई नहीं हुई थी, वहां की स्थिति और भी खराब नजर आई। गुजराती पारा स्थित पैठू डबरी में जलभराव की वजह से एक ओर जहां गुजराती पारा में करीब एक फीट तक पानी भर गया तो वहीं रेलवे अंडरब्रिज भी जलमग्न हो गया। इसके साथ ही कुछ अन्य इलाकों में जैसे गोपी टॉकिज मार्ग और रामनिवास टॉकिज में नालियों का पानी सड़क पर आ गया।



#### बांधों का भी बढ़ा जलस्तर

बता दें कि मानसून की एंट्री के साथ ही अब बारिश का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे शुक्रवार की शाम से हो रही बारिश से जिले के बांधों का भी जल स्तर बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार खम्हार पाकुट बांध की 9.01 मिलियन क्यूबिक मीटर जलभराव है जो 46.52 फीसदी है। वहीं केलो बांध की बात करें तो 18.34 मिलीयन क्यूबिक मीटर जलभराव है जो 29.60 फीसदी है।

#### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। रायगढ़ जिला सहित 9 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने तेज आंधी चलने के साथ ही मूसलाधार बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं लोगों से वज्रपात को लेकर सावधानियां बरतने की अपील की है।

## दो ने फांसी लगाकर तो एक ने जहर खाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग अलग थाना क्षेत्र के दो युवकों ने अज्ञात कारण से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली तो वहीं एक अन्य युवक ने जहर सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

फिलहाल तीनों ही घटनाओं में आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है, ऐसे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जूटमिल थाना क्षेत्र के ग्राम तरकेला के डीपापारा निवासी सुरेंद्र सिदार पिता गाडाराम सिदार उम्र 21 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता था। गुरुवार को भी वह काम करने गया था, काम खत्म कर शाम को वापस आने के बाद वह घर में परिजनों के साथ खाना खाकर टहलने के लिए निकल गया। जिसके बाद उसने गांव के बाहर स्थित नवा तालाब के समीप एक पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। ऐसे में शुक्रवार को सुबह जब गांव के लोग तालाब गए तो वहां उसका पेड़ पर लटकता शव देखा गया। वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के रामभाठा संजय मैदान निवासी शिव कुमार भगत पिता परदेशी भगत उम्र 42 वर्ष गुरुवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब परिजन पहुंचे तो देखे कि दरवाजा अंदर से बंद है। किसी तरह दरवाजा तोड़ कर परिजन भीतर दाखिल हुए और शव को लटकता देख पुलिस को सूचित किया। वहीं तीसरी घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के बोइरदादर की है। जहां पीजीडीसीए की पढ़ाई करने तमनार से रायगढ़ आए एक छात्र ने अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम खुरुसलेंगा निवासी बीरबल टोप्पो पिता आधार सिंह टोप्पो उम्र 23 वर्ष तमनार के ही कालेज से एमए का छात्र था, जो पीजीडीसीए की पढ़ाई करने के लिए विगत कुछ दिनों से रायगढ़ के बोईरदादार में अपने भाई के साथ किराये के मकान में रहता था। गुरुवार को उसका बड़ा भाई जब ड्यूटी चला गया तो उसने अपने कमरे में कीटनाशक का सेवन कर लिया, कुछ देर बाद जब उसकी तबीयत बिगडने लगी तो उसके अन्य साथियों ने उसे मेकाहारा में भर्ती कराते हुए घटना की सूचना उसके भाई को दिया।

#### खबर संक्षेप

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

#### वाहनों के दस्तावेजों की पुलिस कर रही जांच



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ के मुख्य मार्ग पर विभिन्न कंपनी की ट्रकें फ्लाइएस लोड लेकर लगातार दौड़ रही हैं। इनमें से ज्यादातर गाडियां डस्ट उड़ाते हुए नगर में फर्राटे भर रहीं हैं। नतीजतन लोग परेशान है रफ्तार की वजह से क्षेत्र में अनेकों हादसे भी हो चुके हैं। इन्ही गंभीर मुद्दों को लेकर स्थानीय कुछ नेता सडक़ पर उतर गए और विरोध प्रदर्शन किया था। दरअसल, क्षेत्र में भारतमाला सडक़ निर्माण कार्य तेज गति से चल रही है। लिहाजा विभिन्न कंपनी की फ्लाई ऐश लोड ट्रकें सरपट दौड़ रही हैं। इस औद्योगिक राख का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है। शुक्रवार को धरमजयगढ़ पुलिस इस मामले में जनहित के नजरिये से सख़्त हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को सडक़ में चल रही फ्लाई ऐश लोड ट्रकों को एक जगह एकत्रित कर नगर के दशहरा खेल मैदान में रूकवाया और फिर वाहन से जुड़े तमाम दस्तावेज, ओवरलोड, प्रदूषण जैसी तमाम जांच कार्यवाही की गई। वहीं ट्रक चालकों को पुलिस द्वारा रफ्तार को लेकर समझाइश के साथ साथ चेतावनी भी दी गई है।

#### पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण मोबालाइजेशन फेस दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा 10 जुलाई तक तथा द्वितीय चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ.बीपी पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ राजेश मिश्रा, प्रभारी मीडिया अधिकारी श्रीमती उमा महंत उपस्थित रही। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार प्रसार एवं लक्ष्य दंपत्तियों को आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु अपील की जाएगी।

## अधिवक्ता संघ ने खरसिया तहसील न्यायालय का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

अधिवक्ता संघ खरसिया और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया के बीच ठन गई है।

बार एसोसिएशन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पर बार एसोसिएशन के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रूपेन्द्र कुमार जायसवाल के साथ दुर्व्यवहार किया जाने का आरोप लगा कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रियंका वर्मा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर उनके न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया है। 27 जून को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर रायगढ़ से मिला और अपनी बात उनके समक्ष रखी।प्राप्त जानकारी अनुसार 26 जून को अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के न्यायालय के एक प्रकरण में उपस्थित होकर अनावेदकगण की ओर से जवाब प्रस्तुत करते समय अनुविभागीय अधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता को कहा गया कि इस प्रकरण में आपका जवाब को स्वीकार नहीं करूंगी, आप कोर्ट रूम से निकल जाइए उक्त प्रकरण में आपके द्वारा किसी प्रकार से उपस्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी, और न ही कोई मेमो एवं वकालतनामा स्वीकार किया जाएगा तथा प्रस्तुत पक्षकार अनावेदकगण को धमकी देने की बात की जा रही है। जिस संबंध में अधिवक्ता संघ खरसिया द्वारा तुरंत आकस्मिक बैठक आहुत किया जाकर सर्वसम्मति से श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पास किया गया है। 27 जून को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल रायगढ़ जाकर कलेक्टर कार्तिकेय गोयल से मिला और संपूर्ण मामले से उन्हें अवगत करवाते हुए अपना पक्ष रखा।

### आरक्षक पर शारीरिक शोषण का आरोप पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट


**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना में पदस्थ आरक्षक पर विवाह करने का झांसा देकर एक महिला ने शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गृह मंत्री, डीजीपी व एसपी से लिखित शिकायत की है। वहीं इस शिकायत पत्र के माध्यम से आरक्षक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भूपदेवपुर थाना में पदस्थ आरक्षक मनोज यादव से उसकी मुलाकात करीब 5 वर्ष पूर्व सक्ती में हुई थी। उसी समय से दोनों के बीच धीरे धीरे बातचीत बढ़ता गया। कई बार मुलाकात के बाद उसने शादी करने की बात कही और 5 जून 2019 को शारीरिक संबंध बनाया।

## जल जीवन मिशन का कार्य महत्वपूर्ण : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन के कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य जनसामान्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कार्य है इसमें आवश्यक प्रगति लाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल 131 ग्रामों हेतु प्रस्तावित तीन समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। जिस पर ईई पीएचई ने बताया कि विकासखंड रायगढ़ अंतर्गत भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 29 ग्रामों को केलो डेम रायगढ़ से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड पुसौर में कलमा कोड़ातराई समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 48 ग्रामों को कलमा बैराज महानदी तथा तमनार अंतर्गत तमनार समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 54 ग्रामों को केलो डेम रायगढ़ से पेयजल प्रदाय की जाएगी।

## झोपड़ी में मिली वृद्धा की लाश,जांच में जुटी पुलिस



**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र में गुरूवार को एक वृद्ध विक्षिप्त महिला की लाश मिलने की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

मृतिका की पहचान हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका घोघरा नाला के ऊपर पेड़ के नीचे झोपड़ी बनाकर रहती थी। बताया जा रहा है कि आसपास के क्षेत्रों में वह कबाड़ी उठाकर जीवन यापन कर रही थी। पुलिस ने मृतिका की पहचान पालावती धोबी पति स्व हेतराम धोबी उम्र 61 वर्ष निवासी कुंजेमुरा के रूप में की है। वृद्धा की मौत भूख और गर्मी के कारण होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह शव करीब 5 से 6 दिन पुराना है। शव के सड़ जाने का कारण क्षेत्र में काफी बदबू फैल रही थी। जब ग्रामीणों की शंका हुई तो उन्होंने झोपड़ी में देखा, जहां उक्त वृद्धा का सड़ागला शव पड़ा हुआ था।

### फर्जी बिल से आहरण सरपंच व सचिव पर होगी कार्रवाई

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत कोतासुरा में साफ सफाई के नाम पर फर्जी बिल के माध्यम से शासकीय रकम का आहरण करने वाले सरपंच व सचिव के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो सकती है। हाल ही में पुसौर जनपद पंचायत सीईओ ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्राचार कर सरपंच व सचिव के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पुसौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोतासुरा मे सरपंच सचिव के खिलाफ फर्जी बिल के माध्यम से आहारण करने की शिकायत 26 मार्च को जनपद पंचायत सीईओ से की गई थी जिस पर जनपद सीईओ के बनाए कमेटी ने शिकायत जांच प्रतिवेदन की अवलोकन में पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाया है। बहरहाल जांच में भ्रष्टाचार सिद्ध पाए जाने पर पुसौर जनपद सीईओ ने सक्षम अधिकारी को पत्र जारी कर अग्रिम कार्यवाही हेतु संप्रेषित किया है।




#### जिंदल प्लांट में इलेक्ट्रिशियन का करता था काम

# ट्रैक्टर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरा रोड पुलिस ने जिंदल प्लांट में इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो ट्रैक्टर चोरी का मुख्य आरोपी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस ने चोरी गया ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरारोड थाना क्षेत्र से 19 जून को एक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 8366 की चोरी हुई थी।

इस मामले में कोतरारोड थाना में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज करते हुए पुलिस जांच मे जुट गई। पुलिस ने जब इस क्षेत्र के सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज की जांच की तो इसमें एक संदेही युवक चोरी कर ट्रेक्टर को ले जाते देखा गया। जिसके बाद इस आरोपी की तलाश करने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इसी बीच 28 जून को एक मुखबिर से पुलिस को पता चला कि भगवानपुर का कलशराम पटेल ट्रैक्टर बिक्री करने ग्राहक तलाश कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने संदेही कलशराम पटेल पिता गजानंद प्रसाद पटेल 47 वर्ष निवासी कोसमन्दा थाना डभरा हाल मुकाम भगवानपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 19 जून की रात चोरी गए ट्रेक्टर को अपने गांव तक ले गया और पकड़े जाने की डर से वापस कलमी जाने वाली कच्ची मार्ग में पेड के नीचे ट्रैक्टर छिपा कर रख भाग गया। ऐसे में आरोपी की निशानदेही पर मौके पर जाकर चोरी गये ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 8366 को जब्त किया गया।




#### 80 सीसीटीवी फूटेज जांचने पर मिला सुराग

आरोपी ने शातिर आरोपी ने ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर खरोचकर मिटा दिया था। पूछताछ में आरोपी ने चोरी ट्रैक्टर को कृषि कार्य में किराए में देने का प्लान बनाया था। ट्रैक्टर चोर को पकड़ने कोतरारोड़ पुलिस ने ग्राम गोरखा से नेशनल हाईवे 49 पर ग्राम सपोस जिला सक्ती तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में लगे करीब 70-80 सीसीटीवी तथा जिंदल प्लांट के पीछे लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आखिरकार आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हुई।

29- JUN- RAG Bhoomi- p-2_Layout 1 6/29/2024 8:35 PM Page 1





# मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपए में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है।



लाइफ Style

# सुहाना खान

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ पार्टी करती दिखीं

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज'से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब सुहाना खान शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया।

दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं। एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।

हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे। माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी।




# अब नहीं टूटेगा मर्लिन मुनरो का घर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल मर्लिन मुनरो के लॉस एंजिल्स स्थित घर को लॉस एंजिल्स सिटी काउंसिल द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक नामांकन में मंजूरी दी गई है। इस पदनाम का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को टूटने से बचाने में मदद करना है। दरअसल, मुनरो ने जिस घर में आखिरी सांस ली थी, उसे ब्रिना मिलस्टीन और उनके पति, रियलिटी टीवी निर्माता रॉय बैंक ने पिछले साल खरीद लिया था, जिसे वह तोड़ना चाहते थे, लेकिन अब इसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक का नाम दे दिया गया है। एल.ए. कंजर्वेंसी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेंटवुड में मर्लिन मुनरो का घर अब एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक है! एल.ए. सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मर्लिन मुनरो के अंतिम घर के लिए नामांकन को मंजूरी दे दी।



# कश्मीरी होने पर लोगों ने मारे ताने

**नई दिल्ली।** हिना खान बीते 15 सालों से एक्टिंग की दुनिया में काम कर रही हैं। वह टीवी की दुनिया की महंगी एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनना हिना का पहला सपना नहीं था। एक्ट्रेस बनने से पहले वह कुछ और ही बनना चाहती हैं, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। उसे लोगों ने कश्मीरी होने पर ताने भी मारे। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में पॉपुलर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से की थी। इसी सीरियल की वजह से उन्हें घर-घर में पहचान मिली थी। उन्होंने बताया था कि एक प्रोजेक्ट के हाथ से इसलिए निकल गईं, क्योंकि उनका रंग कश्मीरी लड़की लड़की जैसा नहीं था। उस प्रोजेक्ट में उन्हें कश्मीरी लड़की का रोल प्ले करना था। हालांकि उन्हें ये कहकर मना कर दिया गया था कि वो कश्मीरी नहीं दिखती हैं।




# आयुष्मान ने ताहिरा पर जताया गर्व

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित फिल्म 'शर्मा जी की बेटी' के लिए उन पर गर्व जताया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा अक्सर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं।

ताहिरा की निर्देशन में बनी उनकी डेब्यू फिल्म 'शर्माजी की बेटी' की 28 जून को प्रीमियर हुई और अभिनेता ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी ताहिरा कश्यप की प्रशंसा करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं। जिसमें की बचपन की तस्वीर भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य तस्वीरें इस पोस्ट में साझा की हैं। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म के बारे में बात करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा हर उस चीज में झलकती है जिसे आप छूती हैं, यही वजह है कि 'शर्माजी की बेटी' इतनी खास फिल्म है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के इन प्रतियोगियों पर लगा फेक शादी रचाने का आरोप

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह सबसे विवादित शो में से एक है। सीजन 3 में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी आए हैं। शो की शुरुआत से ही बीबी हाउस में बवाल मचा हुआ है। वहीं, इस शो के कुछ पूर्व प्रतियोगी ऐसे भी रहे हैं, जिन पर टीआरपी के लिए नकली शादी रचाने का आरोप लग चुका है। इन चर्चित चेहरों ने टीआरपी के लिए नकली शादी रचाई और आगे जाकर मुकर गईं। इस तरह ये हीरोइनें नेशनल टेलीविजन पर शादी का मजाक उड़ा चुकी हैं। इस लिस्ट में शहनाज गिल से लेकर राखी सावंत तक शामिल हैं। शहनाज गिल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज को पंजाब की कटरीना कैफ कहते हैं। वहीं, 'बिग बॉस 13' शो के खत्म होते ही शहनाज गिल ने अपना स्वयंवर रचाया था। शो में सना ने प्रतियोगियों से खूब मेहनत कराई। हालांकि, फिनाले में शहनाज ने किसी को भी चुनने से इनकार कर दिया, और शादी से मुकर गईं। ऐसा करने के बाद शहनाज पर आरोप लगा कि उन्होंने महज फेम के लिए यह ढोंग रचा था। जसलीन मथारू और अनूप जलोटा ने बतौर गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड 'बिग बॉस' शो में एंट्री ली थी।

# कलाकारों का नहीं मिला बकाया निर्माताओं को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'लाल बनारसी' के कलाकार सावी ठाकुर, गौरी चित्रांशी और कुलदीप सिंह ने अपने पूरे पैसे का भुगतान न होने के चलते निर्माता संतोष कुमार और रोशेल सिंह को नोटिस भेज दिया है। इस शो का प्रसारण मई 2023 में शुरू हुआ था और इस साल मई के दूसरे हफ्ते में खत्म हो गया था। शो के एक और अभिनेता कुलदीप सिंह के मुताबिक उन्होंने दिसंबर से मार्च तक शूटिंग की थी और उन्हें इसके लिए 4,70,000 रुपए मिलने थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आमतौर पर शो शुरू होने के 90 दिन बाद पैसा मिलना शुरू होता है, लेकिन लाल बनारसी के निर्माताओं ने इसे 120 तक खींच दिया और उसके बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। कुलदीप ने कहा कि उन्हें घर का लोन भरने के साथ-साथ बाकी की जिम्मेदारियों के लिए भी पैसे की जरूरत है और कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण उन्होंने निर्माता को कानूनी नोटिस भेज दिया है।




# छात्रों का किया मार्गदर्शन नशे से दूर रहने की दी सीख

**मुंबई।** थलपति विजय दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। हाल में ही वह इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जीवन से संबंधित कुछ कठोर सबक दिए, जो बच्चों को गंभीरता से समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी कारण हो,मगर किसी भी कीमत पर अपनी पहचान न खोएं। मैं अभी यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में नशीले पदार्थों का काफी ज्यादा उपयोग होता है, खासकर युवाओं में इसका बहुत अधिक उपयोग होता है।' एक अभिभावक और एक राजनीतिक संगठन के नेता के रूप में उन्हें इस पर शर्म आती है। मेरा कहना है कि कभी-कभी हमें इन परिस्थितियों से खुद ही खुद को बचाना पड़ता है। हमेशा उन्हें खुद पर नियंत्रण और अनुशासन रखना चाहिए। क्षणिक खुशियां देने वाली चीजों और नशीली दवाओं का सेवन न करें।



# करण ने सोनाक्षी को दिया 'कूल दुल्हन' का टैग



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने सात साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जून को अपनी शादी की शुरुआत की। उनकी शादी के फंक्शन की तस्वीरों और वीडियो ने जोड़े की खुशी को खूबसूरती से कैद किया। सोनाक्षी और जहीर को उनकी नई शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री से शुभकामनाएं मिलीं। अब, फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया है कि उन्हें उनकी शादी में क्या पसंद आया। उन्होंने सोनाक्षी को 'सबसे कूल दुल्हन' भी कहा। उन्होंने सोनाक्षी के ब्राइडल लुक की तारीफ की और उनकी शादी की सादगी को देखकर हैरान रह गए। करण ने कहा, 'आप जानते हैं कि सोनाक्षी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छा लगा, वह यह था कि वह सबसे अच्छी दुल्हन थी। वह मस्त थी। जहीर और सोनाक्षी प्यारे लग रहे थे। वे खुश दिख रहे थे, वे बहुत खूबसूरत लग रहे थे। और कोई तामझाम या दिखावा नहीं था। यह सिर्फ शुद्ध प्रेम और मस्ती थी और यही बात मुझे उनकी शादी में पसंद आई।

# रक्तबीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम 'रक्तबीज' रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोट्र्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक 'रक्तबीज' को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं।'

## मांगी चंद दिनों की मोहलत और 2 हफ्तों में रच दिया इतिहास

# डायरेक्टर ने किया रिजेक्ट, रो पड़े पंचम दा

**नई दिल्ली।** म्यूजिक के जादूगर आरडी बर्मन भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वह आज भी अपने टैलेंट की वजह से पूरी दुनिया पर राज करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर आरडी बर्मन ने 1960 से 1980 के दशक तक एक्टिव थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों सुपरहिट गाने दिए। आरडी बर्मन की चमक ऐसी थी कि उनके जैसा न कोई हुआ और ना कोई होगा। संगीत की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले पंचम दा का जन्म 27 जून,1939 को कोलकाता में हुआ था। आरडी बर्मन ने साल 1994 में 4 जनवरी को दुनिया को अलविदा कहा था. आर डी बर्मन को गए हुए 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि उनकी यादें और नग्में आज भी सुर्खियों में रहती हैं। उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

संगीतकार आरडी बर्मन ने 300 से ज्यादा फिल्मों में म्यूजिक कंपोज किया था। उनके गाने 21वीं सदी के युवाओं की पहली पसंद है। आज भी उनके गाने को फैंस यूट्यूब पर सर्च करके सुनते हैं और खूब एन्जॉय करते हैं।



### पंचम दा ने रिजेक्शन को किया इग्नोर

आईएमडीबी की रिपोट्र्स के अनुसार, सुपरहिट परिंदा के बाद जब विधु अपनी दूसरी फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' लेकर आए तो उन्हें इस फिल्म के गाने के लिए पंचम दा को अप्रोच किया था। पंचम दा ने बिना देरी किए विधु से वादा किया कि वे उनकी फिल्म में म्यूजिक देंगे। विधु जब अपने गाने के लिए पंचम दा के घर पहुंचे तो उन्होंने अपना पहला गाना 'कुछ न कहो ,कुछ भी न कहो' गीत सुनाया लेकिन विधू इस गाने से खुश नहीं हुए। उन्होंने इस गाने को रिजेक्ट कर दिया। पंचम दा ने इस रिजेक्शन को इग्नोर किया और कुछ नहीं कहा। लेकिन विधु जाते-जाते पंचम दा से कहा- आपके पीछे जो तस्वीर लगी हुई है मुझे उनके जैसे संगीत की तलाश है और मुझे पता है कि वो सिर्फ आप ही दे सकते हैं। पंचम दा पीछे पलटे और अपने पिता सचिन देव बर्मन की तस्वीर की तरफ देखा। वह यह देखकर बहुत भावुक हो गए।

### किसी के पास नहीं जाते थे काम मांगने

1960 से 1980 तक पंचम दा के गानों कहा बॉक्स ऑफिस पर चार्टबस्टर साबित होते थे। वो कुछ लिख देते थे वह हिट हो जाता है। हालांकि 80 का दशक खत्म होते और 90 का दशक आते ही पंचम दा का स्टारडम और जलवा दोनों ही कमजोर पड़ गया था। 90 का दशक आते ही म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक नए कंपोजर अपनी धाक जमा चुके थे। नदीम -श्रवण ,आनन्द मिलिंद ,शिव हरी ,जतिन-ललित जैसे म्यूजिक कंपोजर को फिल्मों में काफी महत्तव मिलने लगा था। ऐसे में पंचम दा को कम ऑफर मिलने लगे थे। यह समय पंचम दा के लिए काफी कष्टकारी और निराश करने वाला था। हालांकि उनकी एक खूबी थी। वह कभी भी किसी के पास काम मांगने के लिए नहीं जाते थे. लेकिन वह काम की तलाश में बैठे रहते थे. ऐसे में एक दिन अचानक से उन्हें एक बड़ा ऑफर मिला। एक यंग डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म के अप्रोच किया। यह ऐसा मौका था जिस पर पंचम दा को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके गानों की आज भी डिमांड होगी। ऐसे में पंचम दा भावुक हो गए। वह खुद को डायरेक्टर के सामने रोक नहीं पाए और रोने लगे थे।

# आशा भोसले की बायोग्राफी लॉन्च पर सोनू निगम ने धोए गायिका के चरण, हुए भावुक

**मुंबई।** शुक्रवार को मशहूर गायिका आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहे। उनके अलावा सोनू निगम, आशाताई की पोती जनाई भोसले भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गायक सोनू निगम ने आशा भोसले की चरण धोए। आशा भोसले की बायोग्राफी की लॉन्चिंग पर अभिनेता जॉकी श्रॉफ भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आशा भोसले के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेता ने खास अवसर पर गायिका को गमला भेट किया। बुक लॉन्च के अवसर पर सोनू निगम ने कहा, 'देवी मां प्रणाम, मैं बिल्कुल कुछ नहीं कहना चाहता था। लेकिन, मुझे कहा गया है तो मैं यही कहूंगा कि आज सीखने के लिए बहुत से साधन हैं। लेकिन, जब सीखने के लिए कुछ नहीं था तो लताजी और आशाजी थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। जो आपसे सीख सके उनके लिए धन्यवाद। जो सीख रहे हैं, उनके लिए धन्यवाद।



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**वाड्रफनगर।** उद्योगिनी एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तत्वाधान में संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत ग्राम ढोंढी में समापन



एवं हस्तांतरण समारोह एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मैनेजर प्रशांत बर्मन, मैनेजर उदय कुमार सिंह, कृषि विकास अधिकारी मयंक सिंह, सहायक चिकित्सक भूपेंद्र कुमार चंद, कांग्रेस महिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार पटेल व सरपंच श्रीमती सनमत आइके के आतिथ्य में किया गया। रिंकु मंडल ने परियोजना की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। अतिथियों ने परियोजना की सराहना की। समूह की महिलाओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीदियों ने सांस्कृतिक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से अब तक के कार्यों की डॉक्यूमेंट्री दिखायी गयी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आकांक्षा यादव, दीपक जायसवाल, रामकुंवर श्यामले, अमित चौरसिया, मुकेश दास, शिवदास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### गुरूकुलम विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**अम्बिकापुर।** श्री श्री गुरूकुलम अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं को रोली अक्षत लगाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाई गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की श्रीमती ममता तिवारी जयंत तिवारी तथा शिक्षिका गीता सरन, ललिता कर्ष, सौम्या सिंह, अंजली केसरी उपस्थित थीं।

### देर रात तक घूमने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर बुधवार की देर शाम राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। टीम ने गाड़ाघाट मैदान, मल्टीपरपज स्कूल मैदान, नगर पालिका मैदान, फारेस्ट ग्राउंड प्रतापपुर नाका, कलाकेंद्र मैदान तकिया रोड़ ग्राउंड, गांधी स्टेडियम, संजय पार्क के सामने ग्राउंड, रिमझिम तालाब, बरेज तालाब, सत्तीपारा तालाब, पीजी कॉलेज ग्राउंड, शिवधारी तालाब, गोधनपुर ग्राउंड, महुआपारा ग्राउंड, किसान राईस मिल ग्राउंड, बिशुनपुर तालाब ग्राउंड, सूर्य मंदिर तालाब, पॉलिटेक्निक ग्राउंड, गंगापुर शराब दुकान के पास, मेडिकल कॉलेज रोड़, दर्रीपारा जेल तालाब, भाथूपारा तालाब, ट्रांसपोर्ट नगर, गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड, मठपारा एरिया, जगदीशपुर रोड़, नमना तालाब मोड़ गौरव पथ, वनदेवी मंदिर के आस पास एवं रघुनाथ ग्राउंड जिला अस्पताल के पास औचक छापेमार कार्रवाई कर तालाब एवं मैदान में अनावश्यक देर रात तक बैठे आसामजिक तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही पुलिस ने सार्वजानिक स्थान पर शराब पीने के मामले में 5 व्यक्तियों को पकड़कर कार्रवाई की गई है।

## एक घंटे की बारिश से कार्यालय भवन तरबतर

# जर्जर बीईओ कार्यालय ने बढ़ाई अधिकारी-कर्मियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**
- भीगे सरकारी दस्तावेज सहित अन्य

बतौली बीईओ जर्जर कार्यालय अब अधिकारी व कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बीईओ कार्यालय भवन की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि मरम्मत के अभाव में भवन काफी जर्जर हो गई है। ऐसे में थोड़ी सी बारिश हुई नहीं कि जगह जगह छत से पानी सीपेज होने लगता है। गत दिन भी लगभग एक घंटे तक हुई बारिश से पूरा कार्यालय तर बतर हो गया। सभी कमरों में पानी जमा होने से बैठने तक की जगह नहीं बची। ऐसा नहीं है कि भवन के जर्जर हो जाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं होने से बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी जर्जर भवन में कार्य काम करने को मजबूर है।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय भवन काफी पुरानी हो चुकी है। वर्षों पुराने भवन के समय समय पर मरम्मत नहीं होने से अब खंडहर में तब्दील हो गया है। ठंड व गर्मी के मौसम में किसी तरह कर्मचारी विभागीय कामकाज करते है लेकिन बरसात के दिनों में भवन में सीपेज होने के कारण अधिकारी समेत कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। इधर प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका और अब बारिश भी होने लगी है। गुरुवार की दोपहर भी जिले में रूक रूक कर झमाझम बारिश हुई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से बीईओ कार्यालय भवन में जगह जगह से पानी रिसने और सीपेज होने से हर कमरे में बारिश का पानी एकत्र हो गया वहीं कार्यालय में रख सरकारी दस्तावेज सहित अन्य सामान भीग गए। कार्यालय भवन में इस कदर सीपेज हुई की अधिकारी व कर्मचारियों को बैठने तक की जगह नहीं थी। कार्यालय में मौजूद लोग सूखे जगह पर खडे रहे। ऐसा नहीं है कि चार कमरों सहित एक बरामदा वाले बीईओ भवन कार्यालय के जर्जर होने की जानकारी अधिकारियों को नहीं है। पूर्व में भी बारिश होने तथा कार्यालय में कम जगह होने पर नए भवन की मांग की गई थी। परंतु भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण आज भी जर्जर भवन में ही बीईओ कार्यालय संचालित है। भवन की हालत ऐसी है कि सीलिंग के प्लास्टर अपने आप ही उखड़ कर गिरते है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में अब बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को जर्जर भवन में काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




बीईओ कार्यालय के कमरे में भरा बारिश का पानी।

### आंधी में उड़ गया छत का शेड

भवन में सीपेज होने तथा कर्मचारियों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल भर पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा 6.30 लाख की लागत से छत पर शेड का निर्माण कराया था। छत पर सेड बन जाने के बाद काफी हद तक सीपेज की समस्या कम हो गई थी और बीईओ कार्यालय के अधिकारी सहित कर्मचारियों को छत से पानी रिवास से काफी राहत मिली थी। परंतु पिछले वर्ष आंधी तूफान में सेड न सिर्फ क्षतिग्रस्त हो गया बल्कि तेज हवा में उड़ गया। छत के सेड क्षतिग्रस्त हुए साल भर होने को है लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अब भवन की हालत पूर्व की भांति हो गई है।

### कार्यालय शिफ्ट करने की तैयारी

मानसून के दस्तक देने के साथ ही अब बारिश भी होने लगी है। चंद घंटो की बारिश ने जर्जर बीईओ कार्यालय भवन की पोल खोल दी। बारिश होने पर कार्यालय भवन में जगह जगह से सीपेज से कमरों में पानी भर जाता है। ऐसे में हो रही परेशानी को ध्यान में रख अब बीईओ कार्यालय को दूसरे जगह शिफ्ट करने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है बीईओ कार्यालय को पटौदी थाना रोड स्थित रैन बसेरा में शिफ्ट किया जाएगा। ऐसे में रैन बसेरा में कार्यालय संचालन होने बतौली आने वाले आगंतुकों को कहां ठहराया जाएगा यह समझ से परे है।

### 30 जून तक करेंगे शिफ्ट

बीईओ कार्यालय भवन जर्जर होने तथा कामकाज प्रभावित होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भवन के संबंध में बात हुई है। 30 जून तक कार्यालय को थाना रोड स्थित रैन बसेरा में शिफ्ट किया जाएगा।

**-शरद चंद मेषपाल**, बीईओ

### बरसात तक रैन बसेरा में कार्यालय संचालन

बीईओ कार्यालय भवन काफी जर्जर हो चुकी है। बारिश होने पर सीपेज की समस्या है। जिला अधिकारियों के निर्देशन में बीईओ कार्यालय को बरसात तक के लिए रैन बसेरा में कार्यालय का संचालन होगा।

**-लक्ष्मी नारायण सिदार**, जनपद सीईओ



## ग्रामीणों को देख मवेशियों को छोड़ भागे तस्कर, ले जा रहे थे बूचड़ खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

बड़ी संख्या में मवेशियों को लेकर बूचड़ खाना जा रहे मवेशी तस्करों ने ग्राम पंचायत नवापारा कला में हिन्दू संगठन सहित ग्रामीणों को देख मवेशियों को छोड़ फरार हो गए। हिंदू संगठन के लोगों ने थाना प्रभारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में मवेशियों को गांव के लोगों को सुपुर्द कर दिया है।

क्षेत्र के हिंदू संगठन को सूचना मिली कि मवेशी तस्कर बड़ी संख्या में मवेशियों को लेकर भूचड़ खाना जा रहे है। सूचना पर हिंदू संगठन के गांव में एकत्र हुए तो इसकी भनक तस्करों को लग गई जिससे सभी मवेशियों को छोड़कर भाग निकले। गांव वालों ने तस्करों को पकड़ने की कोशिश किया लेकिन नहीं पकड़ सके। ग्राम पंचायत भगवानपुर एवं कंचनपुर आसपास भी मवेशियों को ले जाते समय क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी सहित हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया था परंतु तस्करों को उस समय भी नहीं पकड़ सके। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा है कि मवेशी तस्करों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। दिन प्रतिदिन मवेशी तस्करी को लेकर पुलिस प्रशासन पुलिस प्रशासन के ऊपर सवाल खड़े हो रहे है। पुलिस मवेशी तस्करी को लेकर पुलिस कभी सक्रिय नहीं हुई जिससे मवेशी तस्करों का मनोबल काफी बढ़ गया है। मवेशी तस्करी को पकड़ने दौरान हिंदू संगठन से बिरेंद्र जायसवाल, शिवनंदन सिंह मरावी, विजय सिरदार, जयप्रकाश उपाध्यक्ष, रामप्रताप साहू, रामनारायण यादव, रमेश अग्रवाल, प्रदीप यादव, सुमित दास, दाशा राम, तहसीलदार मीना सिंह, थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की सक्रिय रहे।

## यूरेनियम प्लेट कारोबार के नाम पर दो करोड़ की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

व्यवसायी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतक को यूरेनियम प्लेट कारोबार के नाम पर झांसा देकर दो करोड़ रुपए ठग लिए और उसके बाद उसकी भूमि रजिस्ट्री के लिए दबाव बना रहा था।

इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि नमनाकला पावर हाउस रोड निवासी गुरु प्रसाद जायसवाल ने लगभग 9 माह पूर्व एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया था जिसमें उन्होंने अपने साथ हुई ठगी और जमीन रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच उपरान्त एक आरोपी अब्दुल नईम को गिरफ्तार किया था। वहीं इसी प्रकरण में अब पुलिस ने दूसरी गिरफ्तारी की है। पुलिस ने कोलकत्ता पीजीएसए थाना दमदम निवासी 50 वर्षीय सुजित कुमार डे को गिरफ्तार किया है।

## एनएच 43 में दुर्घटना रोकने चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट पर लगेगी स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में उचित प्रकाश व्यवस्था कराने का है उद्देश्य



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रात्रि में अंधेरे की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के उद्देश्य से जरूरी उपाय किए जा रहे हैं जिसके तहत आवश्यकता अनुसार एनएच 43 चिन्हांकित किए गए ब्लैक स्पॉट जहां दुर्घटनाएं अधिक होने की सम्भावनाएँ होती हैं,उक्त स्थलों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना की जा रही है।

बताया गया कि सरगुजा संभाग में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थलों में उचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए दो करोड़ तीस लाख की राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से स्वीकृति भी मिल गई है और अब निविदा होने के बाद इस पर ठेकेदार ने काम भी शुरू कर दिया है।एन एच 43 स्थित सूरजपुर जिले में कुरवाँ मोड़ से केशवनगर रिहंद नदी पुल से पहले तक तथा ग्राम गिरवरगंज के इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़ तक स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। गौरतलब है कि उक्त कार्य सूरजपुर ,कोरिया व सरगुजा में आवश्यकता अनुसार चिन्हित स्थलो में किया जाना है।

## फर्जी दस्तावेजों से ग्राम भनौरा की 147 एकड़ गोचर भूमि का विक्रय

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम भनौरा की 147.23 एकड़ गोचर भूमि का विक्रय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करने की शिकायत पर कलेक्टर ने ग्राम भनौरा स्थित भूमि के क्रय-विक्रय एवं निर्माण पर रोक लगा दी है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डा.डीके सोनी ने ग्राम भनौरा स्थित 143.23 एकड़ गोचर भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विक्रय करने का आरोप लगाया है तथा मामले की शिकायत बलरामपुर कलेक्टर से की है। उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की भूमि विक्रय करने के मामले की जांच कराने एवं जांच उपरांत उसे शासकीय मद में दर्ज करने की मांग की है।

## किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने टीम आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी अफसाना



अंसारी का मकान व किराना दुकान एक साथ है। 11 जून की देर शाम महिला के किराना दुकान के गेट का एक पल्ला खुलासा हुआ था जबकि महिला घर के अंदर काम कर रही थी। इसी दौरान कामरान, कादिर व राजा दुकान में पहुंचे और इलेक्ट्रॉनिक कांटा लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने घेरबंदी कर नवागढ़ निवासी 20 वर्षीय कमरान फरीदी उर्फ छोटू, 18 वर्षीय कादिर फरीदी व 27 वर्षीय राजा उर्फ विकास सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त करने के साथ ही धारा 457, 380, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, आरक्षक दीपक दास, आरक्षक रमन मण्डल शामिल रहे।

## आयुष स्वास्थ्य मेले में 241 मरीजों की रक्त जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला पुराना जिला अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी अम्बिकापुर डॉ.श्रीमती शशिबाला जायसवाल ने आयुष विभाग के संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं उपस्थित लोगों से विभाग के संचालित योजनाओं के लाभ लेने की बात कही। अजय अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। एवं केके अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद एक पुरातन चिकित्सा है। जो सबको अपनानी चाहिए।

अंबिकापुर से आये हुए आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क उपचार एवं औषधि वितरण किया गया। बीमारी में मुख्य रूप से वात रोग, उदर रोग, अर्थ राग, स्त्री रोग, एवं मौसमी बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही 241 मरीजों का रक्त परीक्षण कर शुगर की जांच की गई एवं 13 लोगों का सेहत जांच किया गया। साथ ही इम्यूनिटी बूस्टर काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में 275 होम्योपैथिक एवं 423 आयुर्वेद के मरीजो का उपचार किया गया। शिविर में मंच का संचालन डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन में रजनीश जायसवाल जिला नोडल आयुष द्वारा किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, अजय अग्रवाल,अनिल गोयल, लालचन्द्र अग्रवाल, मोतीलाल गुप्ता, प्रवेश गोयल, सुनील अग्रवाल, अमृत लाल अग्रवाल,थलेश्वर साहू, रविशंकर मिश्रा, विष्णु अग्रवाल डॉ.कुलदीप द्विवेदी, डॉ.सपना जायसवाल, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ.अंबिका पटेल, डॉ.आरसी शुक्ला, डॉ. मुकेश गुप्ता, भूषण तिवारी, दाऊराम कवर, सुनिल सिंह, प्रेम जंघेल, शिवप्रसाद धुर्वे, गौरी शंकर नेताम, श्रीमती अविनासी बरला, शीतल यादव, रीना लकड़ा, धनसाय, राम राजवाड़े, शांति कुजूर, मितानिन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिविर प्रभारी डॉ. उमेश कुमार बालानी उपस्थित थे।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री ओपी ने संजय को किया सम्मानित

तमनार। पूर्वांचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान 94.83 प्रतिशत लाने पर विद्यालय के होनहार छात्र संजय ओगरे को ओपी चौधरी वित्त मंत्री छग शासन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में किया गया। संस्था के प्राचार्य पी आर खूंटे, प्रधान प्रधान पाठिका तपस्विनी मालिक, संकुल समन्वयक रोहित सिदार शिक्षक गण अंजलि आजमानी, मीना देवांगन, मनीषा दुबे, जी आर निषाद, के देवांगन, मन्दाकिनी गुप्ता, जाग्रति प्रधान, रजनी महिलांगे, श्रीकांत मिश्रा, योगेश्वर सिरसो द्वारा छात्र को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

### 10 नग ई टिकट सहित टिकट दलाल गिरफ्तार

रायगढ़। ग्राम देवरघटा में स्थित एक दुकान में अवैध रूप से ई टिकट बना कर बेचने वाले दुकान संचालक को आरपीएफ ने गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 10 नग ई टिकट बरामद कर जब्त लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार आरपीएफ को मुखबिर से ग्राम देवरघटा में स्थित एक दुकान में तय राशि से अधिक रकम लेते हुए अवैध रूप से ईटिकट बनाने वाले दुकान संचालक के बारे में सूचना मिली। जिसके बाद आरपीएफ की टीम ने फगुरम थाना के सहयोग से ग्राम-देवारघटा में स्थित साहु कम्प्यूटर नामक दुकान में दबिश दी। जहां उक्त दुकान में दुकान संचालक मिला। उसने पूछताछ में अपना नाम योगेश कुमार साहु, पिता बैजनाथ साहू उम्र-26 वर्ष बताया। रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ करने एवं जांच करने पर एक आईडी से कुल 10 नग रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाना पाया गया। जिसकी कुल कीमत लगभग 3 हजार 790 रूपये हैं। उक्त 10 नग पूछताछ में दुकान संचालक ने बताया कि प्रति टिकट पर वह अतिरिक्त 50 रूपए शुल्क लेकर टिकट बनाता है। दुकान संचालक के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई।

### चोरी का आरोपी अपचारी बालक समेत दो गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सूने मकान मे नगदी की चोरी करने वाले एक अपचारी बालक सहित एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके कब्ज से 7 हजार 800 रूपए बरामद किए है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चपले निवासी जानकी बाई पटेल पति शिवलाल पटेल उम्र 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताय कि 25 जून से 27 जून के बीच वह रिश्तेदारी के यहां मेहमानी में गई थी। जब वापस घर आकर देखी तो कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर घर के अलमारी को तोड़ा और गुल्लक में रखा सिक्का एवं नोट 7 हजार 800 को चोरी कर ले गया है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की गई। इसी बीच थाना प्रभारी को मुखबीरों से जानकारी मिली कि गांव के मुन्नू उर्फ मूनू मराठा एवं उसके साथी पर चोरी की गई है। ऐसे में तत्काल खरसिया पुलिस की टीम ने संदेही युवक एवं उसके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू किया। दोनों संदेही ने श्रीमती जानकी पटेल के घर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी मुन्नू उर्फ मूनू मराठा पिता पितांबर उम्र 20 वर्ष निवासी रामनगर चपले तथा एक अपचारी बालक की निशानदेही पर चोरी गये गुल्लक के 7 हजार 800 बरामद कर जब्त किया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। धरमजयगढ़ पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम द्वारा पीड़ित महिला से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि बीते 29 मई को उसका पति व घर के अन्य सदस्य कोरबा गए हुए थे। इसी बीच गांव का बलराम मृधा घर में अकेली पाकर उसे डरा धमकाकर बलात्कार किया। महिला की लिखित शिकायत पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा आरोपी बलराम मृधा पर के विरूद्ध धारा 376, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तार करने के लिए आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हो गया था। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबिर तैनात किए गए थे।

## ओपी विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# तकनीक से जुड़े कई कार्यक्रमों में शामिल हुए दो सौ से अधिक छात्र

**नए अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ**

"ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में नए अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है और एक दिन में रिकार्ड 200 छात्रों ने विभिन्न प्रोग्राम्स में प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय के प्रति अपनी पसंद दर्शाया है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ मे देश के प्रतिष्ठित जिंदल समूह द्वारा नयी सोच, विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम, विश्वस्तरीय शिक्षक, आधुनिक शिक्षण पद्धति, स्टेट ऑफ़आर्ट बुनियादी ढांचे और परिसर के साथ आरंभ किए गए ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और साइंस प्रोग्राम्स को देश के छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा अभूतपूर्व सहयोग एवं सराहना मिल रही है।"

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों डिप्लोमा, बीटेक एमटेक एवं पीएचडी मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों बीबीए बी कॉम ऑनर्स, बीए.ऑनर्स, एमबीए एवं पीएचडी एवं साइंस पाठ्यक्रमों बीएससी ऑनर्स, एमएससी एवं पीएचडी के लिए छात्रों की प्रतिक्रिया ने यह साबित किया है की आज का युवा एक प्रोफेसनल युवा बनने के लिए पारंपरिक और पुरानी शिक्षण पद्धति को छोडकर, नयी एवं विश्वस्तरीय शिक्षा पाने के लिए अत्यधिक उत्साहित एवं बेताब है।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कुलपति डॉ आरडी पाटीदार ने छात्रों के ओपीजेयू के प्रति सकारात्मक रुझान के प्रति प्रसन्नता व्यक्त किया और 200 छात्रों के प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के एडमिशन डिपार्टमेंट को बधाई दिया। डॉ पाटीदार ने कहा की आज के बहुआयामी एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस युक्त बाजार ने शिक्षा प्रणाली को बदल दिया है। दो दशक पहले महाविद्यालयों और



विश्वविद्यालयों के बीच यह सामान्य विचार था कि हमारा काम अच्छे अकादमिक रूप से सफल छात्रों का निर्माण करना हैए लेकिन अब रोजगार और शिक्षा पर निवेश राशि की वापसी आदि के प्रति छात्र एवं अभिभावक सजग हैं। आज के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को अधिक से अधिक प्रैक्टिकल एवं इक्स्पीरिऐंसिअल शिक्षण प्रणाली को अपनाने तथा छात्रों के प्लेसमेंट पर अधिक ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय इन सभी बातों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रहा है। ओपीजेयू को सबसे अलग एवं विश्वस्तरीय बनाने के लिए पांच बातों. स्टेट ऑफ़ आर्ट बुनियादी सुविधाएँ एवं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे की आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी, आदि अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त तथा वैश्विक स्तर के अनुभवी प्राध्यापकों का चयन एवं स्टूडेंट सेंटर्ड लर्न बाई डूइंग अर्थात एक्स्पिरि न्सिअल लर्निंग की शिक्षण पद्धति अपनाने, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से सहयोग का करार करने तथा छात्रों को अच्छा प्लेसमेंट दिलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ओपीजेयू के कॅरियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रयास से छात्रों का प्लेसमेंट भी अच्छी कंपनियों में अच्छे पैकेज के साथ हुए हैं। छात्रों एवं अभिभावकों का विश्वास प्राप्त करने और सभी पाठ्यक्रमों में अच्छी संख्या में छात्रों के प्रवेश लेने में इन्ही बातों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय को हम स्टील सेक्टर में कार्य करने वाला विशिष्ट वैश्विक संस्थान बनानेकी दिशा में कार्य कर रहे हैं और यह देश का पहला निजी क्षेत्र का विश्वविद्यालय है जो की स्टील टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट के लिए डेडिकेटेड है। डॉ पाटीदार ने कहा की छात्रों के हित में किये जा रहे कार्यों की वजह से ही विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्याङ्कन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो की विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। विश्वविद्यालय के अलावा कई अन्य रैंकिंग संस्थाओं द्वारा भी अच्छी रैंकिंग प्राप्त हुए है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनुराग विजयवर्गीय, सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने रिकार्ड एडमिशन के लिए एडमिशन डिपार्टमेंट को बधाई दिया और अच्छे एडमिशन के लिए शुभकामनाएं दिया।



# हाथी ने गिराया मकान तीन बोरा धान किया चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूर में स्थित बंगुरसिया गांव के बरझरिया पारा बस्ती में बीती रात एक हाथी ने उत्पात मचाया है। जंगली हाथी ने यहां घुराउ लकड़ा के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए घर के अंदर रखे तकरीबन तीन बोरी धार को चट कर दिया, साथ ही साथ घर के अंदर रखा आलमारी के अलावा अन्य सामानों को क्षतिग्रस्त किया है।

रात में गांव के अंदर अचानक हाथी के आमद के बाद गांव में भगदड की स्थिति निर्मित हो गई और फिर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर जंगली हाथी को गांव से खदेडने अपने अपने स्तर पर प्रयास करने लगे। जहां कुछ ग्रामीणों हो हल्ला करके हाथी को भगाने लगे तो कुछ ग्रामीण गांव में जगह जगह मशाल जलाकर जंगली हाथी को भगाने के प्रयास में जुटे रहेए इस दौरान कई घंटों की मशक्कत के बाद जंगली हाथी वापस जंगलों की ओर चला गया तब जाकर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

गांव के ग्रामीणों के बताया कि उनके गांव के जंगलों में बारह महीनों हाथियों की मौजूदगी रहती है। यह कोई पहला अवसर नही है जब हाथी ने गांव के अंदर बस्ती में घुसकर नुकसान पहुंचाया है आए दिन जंगली हाथी गांव में घुसकर इस तरह की घटनाओं को लगातार अंजाम देते आ रहे हैं। जंगली हाथी के द्वारा एक ग्रामीण के मकान को ढहाये जाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान के आंकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा पिछले कुछ समय से उनके क्षेत्र के जंगलों में 15 से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी की मौजदूगी को देखते हुए गांव के ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की समझाईश भी दी जा रही है।

# बस की टक्कर से दम्पती घायल, बेटी की मौत

रायगढ। शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत संबलपुरी में एक कंपनी द्वारा अधिगृहित स्टाफ बस की ठोकर से दुपहिया सवार दम्पत्ति घायल है गए वहीं उनके मासूम बेटी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने बस चालक पर कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर थानांतर्गत ग्राम संबलपुरी निवासी सनातन गुप्ता अपनी बेटी 13 वर्षीय हिना व 9 साल की जयश्री को बाईक में बिठा कर गुरूवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे रायगढ़ की ओर आने के लिए निकला था। इसी दौरान संबलपुरी के पास ही मां मंगला कंपनी की स्टाफ बस कर्मचारियों को लेकर आ रही थी जिसकी चपेट में सनातन की बाईक आ गई। बस की चपेट में आने से बाईक सवार तीनों चोटिल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज हास्पिटल पंहुचाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने 9 वर्षीय जयश्री गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं सनातन गुप्ता व उसकी 13 वर्षीय पुत्री हिना गुप्ता को गंभीर चोट आने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उनका उपचार जारी है। वहीं चक्रधर नगर पुलिस ने बस चालक के विरूद्ध भादंवि की धारा 304 एए 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



### दोपहिया की टक्कर से एक की मौत

रायगढ़। दो बाईक की सामने सामने भिड़त की घटना में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमपाली निवासी सच्चिदानंद गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। 26 जून की शाम पौने पांच बजे घर आकर उसकी बहू ने बताया कि मेरे सास ससुर अपने प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एएस 7429 में सवार होकर दोनों तमनार जाने के लिये निकले थे। इस दौरान फोन आया कि बुडिया रोड बागबाडी जाने तिराहा के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर देखा कि भैया और भाभी को सामने की तरफ से आ रहे स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 13 एटी के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी।

### रक्तदान शिविर 1 जुलाई को

रायगढ। रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी हर वर्ष नयी कार्यकारिणी गठन के पश्चात आगामी नवीन सामाजिक जनहित के कार्यों को नवरुप देने में सभी सदस्यगण पवित्र मन से समर्पित रहते हैं। आगामी एक जुलाई को डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर पहला जनहित कार्य बल्ड डोनेशन कैम्प का आयोजन नवीन अध्यक्ष रोटेरियन पवन अग्रवाल रामभगत, प्रोग्राम चेयरमैन रोटेरियन आलोक रतेरिया, सचिव रोटेरियन संजय बेरीवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विनय केडिया व पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अरविन्द गर्ग व क्लब के सभी सदस्यों की अभिनव पहल से शहर के एकताल रोड़ स्थित स्व लखीराम शासकीय मेडिकल कॉलेज में सुबह 10 बजे से होगा।

# किसानों को निशुल्क सब्जी बीज, खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ उद्यान विभाग के द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत किसानों को उन्नत तरीके से कृषि करने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सारंगढ़ विकासखंड के उद्यानिकी विभाग द्वारा लगभग 65 से 70 किसानों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत उन्नत किस्म के सब्जी बीच का निशुल्क वितरण किया गया, किसानों को भिंडी खीरा बीज एवं जैविक खाद जैविक कीटनाशक दवा का वितरण किया गया।

अरुण मालाकार ने किसानों को बीज खाद वितरण करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने किसानों को कहा जैविक खेती के माध्यम से हम शुद्ध व पौष्टिक सब्जी



उत्पादन करके हम अपने शरीर को स्वास्थ्य एवं दुरुस्त रख सकते हैं और जो विषैला कीटनाशक पदार्थ हैं उससे बच सकते हैं इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के अधिकारी पुकराम टाइगर ने कहा कि किसान साथी परंपरागत कृषि से आगे बढ़कर आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

# नियम- कानून और कार्यों पर दो दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले में आयोजित शासकीय विभागों के नियम, कानून और कार्यों के दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन दिवस में मार्गदर्शन देते हेतु वरिष्ठ सेवानिवृत विशेष सचिव पी निहलानी ने भू अर्जन विषय पर विस्तृत जानकारी दिए।



कार्यशाला की शुरुआत में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा। श्री निहलानी ने समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने भू अर्जन अधिनियम में सुधार एवं नए अधिनियम की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। साथ ही पुर्नवास एवं पुर्नव्यस्थापन के संबंध में अपडेट किए गए नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही इस नये अधिनियम में जुड़े नए जटिल शब्दों की व्याख्या की एवं भू अर्जन के पूर्व सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन किए जाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अशोक तिवारी सेवानिवृत ने वासिल बाकी नवीस के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए माँग की पंजियों के संधारण बैंक में जमा की जाने वाली राशि एवं वसूली राशि भू राजस्व एवं विविध राजस्व भू राजस्व संहिता की धारा 57 एवं धारा 59, बी.1, किस्तबंदी, आरबीसी की कंडिकाएं, जुर्माना एवं शास्तियाँ, विभागीय जाँच एवं कार्यवाही, नजूल संबंधी प्रकरण, स्थापना शाखा के अंतर्गत पदस्थापना पदोन्नति प्रक्रिया, डीपीसी बैठक, अधिकारियों कर्मचारियों के सेवा पुस्तिकाओं का संधारण, राजस्व न्यायालय की प्रक्रिया राजस्व मुहर्रिर शाखा के कामकाज इन सभी विषयों पर अपना आख्यान दिया।

### सीएसपी ने नर्सिंग स्टूडेंट्स को दी कानून की जानकारी

रायगढ़। 1 जुलाई से लागू हो रहे नवीन कानून संहिताओं के संबंध में पूरे देश में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में भी प्रशासन व पुलिस नवीन कानून संहिता का प्रचार प्रसार कर रही है। इसी क्रम में आज नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा मां मंगला नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं और शिक्षकों को नवीन कानून की जानकारी दी गई। आईपीएस अधिकारी आकाश शुक्ला ने बताया कि 01 जुलाई से देश में नये कानून के तहत एफआईआर दर्ज किए जाएंगे। वहीं पुलिस जांच, कार्रवाई नवीन कानून में निहित प्रावधानों के तहत करेगी। यह नवीन कानून त्वरित रूप से न्याय देने वाला सिद्ध होगा। आमजन को भी नवीन कानून का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नए कानून में बच्चों और महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने त्वरित न्याय देने जरूरी संशोधन किया गया है। वहीं आमजन के लिए ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।



# विद्युत तार की चपेट में आने से 3 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरूवार की शाम तेज आंधी की वजह से नावागढ़ में एक खंभे से विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से 3 मवेशियों की मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नावागढ़ के ग्रामीणों के बताए अनुसार नवागढ़ मे विद्युत लाइन ढीली थी, जो गुरूवार की शाम को आंधी व तेज हवा से गिर गई थी। इस तार मे प्रवाहित करंट की चपेट मे आने 3 पशुधन की मौके पर मौत हो गई। मवेशियों की मौत से ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते तार को दुरूस्त दिया जाता तो ऐसी घटना नहीं होती। ज्ञात हो कि घरघोड़ा में ही रेंगालपाली बरकसपाली के समीप कुछ दिनों पहले करंट प्रवाहित विद्युत की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई थी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉंचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

एजेंटो से सावधान Direct admission ISM edutech
YOUR PATHWAY FOR SUCCESS
MBBS ABROAD ?
विदेश से करें MBBS
ATSMU & MEDICAL SOCIAL INSTITUTE OF TAJIKISTAN
• No Entrance!! No Donation!! But NEET Qualify is Must
• अंग्रेजी भाषा में 5 साल का कोर्स
• Special Coaching for MCI/FMGE
• सस्ती फीस के साथ दुनिया में शीर्ष रैंकिंग चिकित्सा विश्वविद्यालय।
• Approved by WHO & MCI
• विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री जिसमें अभ्यास के लिए शामिल हैं इंडिया।
• Modern Teaching facilities and well-equipped hospitals for practical training
• भारतीय प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्तिगत सहायता
• Indian Hostel & Indian Mess
• More than 1500 Indian Students
ADMISSION OPEN 2024-2025



Our Brand Ambassador
Mr. Sonu Sood
For direct admission contact in Chhattisgarh
By Commando KK YADAV
M: +91 7494894882, +918120209017
Add: Siddhant Medicose Main Road Kudumkela Raigarh (C.G.)